**MPS-107**

# राजनीति विज्ञान

## स्नातकोत्तर कार्यक्रम (MAPS)

**सत्रीय कार्य**

**(प्रथम वर्ष)**

**जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027 सत्र**

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (School of Social Sciences)
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

# एम.ए. (राजनीति विज्ञान)
## अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका (Programme Guide) में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक ट्यूटर द्वारा मूल्यांकित सत्रीय कार्य (TMA) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान में मास्टर्स कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य शामिल हैं। सत्रांत परीक्षा (Term-end examination) में बैठने के पात्र होने के लिए आपको सभी सत्रीय कार्य निर्धारित समय के भीतर जमा करने होंगे। सत्रीय कार्यों को हल करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष खंड के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए भली-भांति तैयार होंगे।

इन सत्रीय कार्यों सहित आपके सभी असाइनमेंट आपके अध्ययन केंद्र (Study Centre) के समन्वयक (Coordinator) के पास जमा किए जाने चाहिए। जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करना और उसे सुरक्षित रखना याद रखें। यदि संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र को सत्रीय कार्य आपको वापस करने होंगे। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए दिए गए अंकों को नोट करेगा और उन्हें इग्नू, नई दिल्ली के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (Student Evaluation Division - SED) को अग्रेषित करेगा।

**जमा करने की प्रक्रिया (Submission):** पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा किए जाने चाहिए।

| सत्र | जमा करने की अंतिम तिथि | किसे जमा करें? |
|---|---|---|
| जुलाई 2026 सत्र के लिए<br><br>जनवरी 2027 सत्र के लिए | मार्च 31, 2027<br><br>सितंबर 30, 2027 | आपको आवंटित अध्ययन केंद्र के समन्वयक को |

आपको शुभकामनाओं सहित,

**राजनीति विज्ञान संकाय**

**भारतीय राजनीतिक व्यवस्था: प्रक्रियाएँ और गतिशीलता (MPS-107)**
**शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य**
**पाठ्यक्रम कोड: MPS-107**
**सत्रीय कार्य कोड: ASST/TMA/2026-27**
**पूर्णांक: 100**

निर्देश: पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए और प्रत्येक खंड से कम-से-कम दो प्रश्न अवश्य चुनिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

**1. खंड – I**

**1.** भारत की दल प्रणाली में कांग्रेस प्रभुत्व से, एक प्रतिस्पर्धी, क्षेत्रीयकृत बहुदलीय प्रणाली तक हुए परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए। प्रतिनिधित्व और गठबंधन की राजनीति के लिए इस परिवर्तन के क्या निहितार्थ रहे हैं?

**2.** भारतीय राजनीति में हित समूहों और लॉबी (interest groups and lobbies) की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। संसाधनों और पहुँच में असमानता तथा नियामक पारदर्शिता उनकी लोकतांत्रिक वैधता को किस प्रकार प्रभावित करती है?

**3.** भारत में राजनीतिक विमर्श और चुनावी राजनीति पर मीडिया तथा डिजिटल राजनीतिक संचार (digital political communication) के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।

**4.** भारत में धर्म और जाति किस प्रकार राजनीतिक रूप से लामबंद किए जाते हैं? व्याख्या करें।

**5.** निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(क) लैंगिकता और राजनीति (Gender and Politics)
(ख) जनजातियाँ और राजनीति (Tribals and Politics)

**खंड – II**

**6.** भारतीय राजनीति में भाषा, क्षेत्र और क्षेत्रीय पहचानों के बीच के संबंधों का विश्लेषण कीजिए। ये तत्व राजनीतिक लामबंदी और मान्यता (recognition) के दावों को किस प्रकार आकार देते हैं?

**7.** भारतीय संघवाद के अंतर्गत लोकतांत्रिक सौदेबाजी (democratic bargaining) के रूप में राज्यत्व (statehood) और स्वायत्तता आंदोलनों का परीक्षण कीजिए।

**8.** भारत में लोकतांत्रिक समावेशन के परस्पर जुड़े आयामों के रूप में नागरिकता और मानव विकास की चर्चा कीजिए।

**9.** कल्याण और पुनर्वितरण (welfare and redistribution) का, भारत में लोकतांत्रिक राजनीति के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में आलोचनात्मक आकलन कीजिए। संवैधानिक प्रतिबद्धताएँ, चुनावी प्रतिस्पर्धा और प्रशासनिक क्षमता पुनर्वितरण के परिणामों को किस प्रकार आकार देती हैं?

**10.** निम्नलिखित पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(क) पर्यावरणीय राजनीति (environmental politics)
(ख) तकनीकी और लोकतंत्र (technology and democracy)